**ME 323**

Sl. No.

# SSLC MODEL EXAMINATION, FEBRUARY - 2024

## HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

Score

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं है। कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है। रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है।

**1.** कौन रणविजय को भाषण लिख देता है? 1

(क) राणा सा (ख) लूसी मैडम (ग) भाटी सा (घ) कलाम

**2.** रणविजय की परेशानी के कारण क्या-क्या हैं? 2

**3.** रणविजय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाता है। इस प्रसंग पर रणविजय और कलाम के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

संकेतों की मदद से कलाम की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें।

- दोस्त की मदद करनेवाला
- पढ़ने में तत्पर
- बेहतर जीवन चाहनेवाला

Score

**सूचना: 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> एक दिन सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया। पर शायद जिस गलती को पाकर वे उसके बाल पकड़कर फेंकनेवाले थे, वह गलती थी ही नहीं। उन्होंने बेला को छोड़ दिया। बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था। उसने देखा कि बेला के पाँव अभी भी काँप रहे हैं।

**4.** सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के साथ कैसा व्यवहार किया? **1**

(क) कक्षा से बाहर कर दिया। (ख) बालों में पंजा फँसाया।

(ग) बेंच पर खड़ा किया। (घ) पाठ दस बार लिखने को कहा।

**5.** सही विकल्प चुनकर लिखें। **1**

(क) वे + के = उसके (ख) ये + के = उसके

(ग) वह + के = उसके (घ) यह + के = उसके

**6.** बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था। उस दिन साहिल डायरी लिखता है। वह **डायरी** कल्पना करके लिखें। **4**

**अथवा**

कहानी के आधार पर **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

- बच्चे सुरेंदर जी माटसाब से डरते थे।
- सुरेंदर जी माटसाब इतिहास पढ़ाते थे।
- सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया।
- भयभीत होकर बेला के पाँव काँप रहे थे।
- बेला और साहिल अजमेर के स्कूल में पढ़ते थे।
- सुरेंदर जी माटसाब ने बेला की कॉपी को फेंक दिया।

Score

**सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है। यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह "जानने" की याद दिलाती है।

7. लेखक के अनुसार मुसीबत में पड़े व्यक्ति को किसकी ज़रूरत है? 1


(क) किताब की (ख) खिलौने की

(ग) मदद की (घ) उपदेश की

8. 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता क्या संदेश देती है? 1

9. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(सहायता, हमारी)




**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार... दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

10. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) हाथ (ख) पहला (ग) स्टेज (घ) दुनिया

exam WINNER®

Score

11. यहाँ 'सबसे बड़ा शो मैन' कौन है? 1

12. सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| माँ की आवाज़ फटने से लोग | चार्ली की तारीफ़ की। |
| चार्ली गाना रोककर | पैसों की बौछार शुरू हो गई। |
| चार्ली के गाने से स्टेज पर | पैसे बटोरने लगा। |
| लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर | चिल्लाने लगे। |

**अथवा**

माँ अपने बेटे के पहले स्टेज शो से बहुत खुश थी। उस दिन के अनुभवों का जिक्र करते हुए माँ ने अपनी सहेली के नाम पत्र लिखा। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

**सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> "अब लौट चलें साहब", कुछ देर बाद उसने कहा, "सर्दी बढ़ रही है और मैं अपनी चादर साथ नहीं लाया।" अविनाश ने झट से अपना कोट उतारकर उसकी तरफ़ बढ़ा दिया। कहा, "लो, तुम यह पहन लो। अभी हम लौटकर नहीं चलेंगे। तुम्हें कोई गालिब की चीज़ याद हो, तो सुनाओ।"

13. "अब लौट चलें साहब" - यह किसने कहा? 1

(क) अविनाश ने (ख) अब्दुल जब्बार ने

(ग) मोहन राकेश ने (घ) गालिब ने

14. अविनाश ने अपना कोट मल्लाह को दे दिया। क्यों? 2

15. इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

Score

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

> ठाकुर 'कौन है, कौन है?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है।

**16.** गंगी को ठाकुर के कुएँ से पानी लेने की अनुमति नहीं थी। क्यों? 1

(क) कुएँ में पानी कम होने के कारण।
(ख) जातिगत असमानता के कारण।
(ग) कुएँ का पानी गंदा होने के कारण।
(घ) बीमार होने के कारण।

**17.** दिल्ली की मानवाधिकार समिति ने 5 अप्रैल 2024 को 'समता दिवस' मनाने का निश्चय किया है। इस अवसर पर 'जातिगत भेद-भाव : समाज का अभिशाप' का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।**

> क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
> क्या दीमकों ने खा लिया है
> सारी रंग-बिरंगी किताबों को
> क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे
> खिलौने
> क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
> सारे मदरसों की इमारतें

**18.** यहाँ 'पर्वत' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

(क) भूकंप (ख) अंतरिक्ष (ग) इमारत (घ) पहाड़

**19.** कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

-o0o-